भारत के सभी वित्त मंत्रियों के नाम, उनका कार्यकाल और राजनीतिक दल (वर्ष 1947 से अब तक)

वित्त मंत्रालय (भारत):

वित्त मंत्रालय भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण मंत्रालय है। सम्पूर्ण देश की अर्थव्यवस्था का संचालन वित्त मंत्रालय द्वारा ही किया जाता है। भारत का वित्त मंत्रालय विभिन्न विभागों से मिलकर बना है जिनमें: आर्थिक कार्य विभाग, व्यय विभाग, राजस्व विभाग, वित्तीय सेवाएं विभाग एवं विनिवेश विभाग इत्यादि शामिल है।

वित्त मंत्रालय के प्रमुख कार्य:

वित्त मंत्रालय कराधान, वित्तीय कानून, वित्तीय संस्थानों, पूंजी बाजार, केंद्र तथा राज्यों का वित्त और केंद्रीय बजट से जुड़े सभी मामले देखता है।

वित्त मंत्री किसे कहते है?

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का प्रमुख वित्त मंत्री होता है। सरकार के राजकोषीय नीति की जिम्मेदारी वित्त मंत्री पर होती है। वित्त मंत्री संसद में वार्षिक केंद्रीय बजट (अनुच्छेद 112) प्रस्तुत करता है तथा वह देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य संचालक होता है। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति (15 अगस्त 1947) के बाद से अब तक देश में 26 मंत्रियों ने वित्त मंत्री का पद ग्रहण किया है। सबसे ज्यादा बजट पेश करने का रिकॉर्ड मोरारजी देसाई के नाम है, उन्होंने 10 बार संसद में वार्षिक केंद्रीय बजट पेश किए हैं। इनमे 8 पूरे और 2 अंतरिम बजट है। उनके बाद पी. चिदंबरम का नाम आता है, जो 09 बार संसद बजट पेश कर चुके है।

भारत के वर्तमान वित्त मंत्री 2018:

भारत के वर्तमान वित्त मंत्री अरुण जेटली हैं। उन्होंने 26 मई 2014 को वित्तमंत्री के रूप में पद ग्रहण किया है, उनसे पहले पी. चिदम्बरम 31 जुलाई 2012 से 25 मई 2014 तक इस पद पर कार्यरत थे। स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री आर. के. शंमुखम चेट्टी थे, जिन्होंने देश का पहला बजट पेश किया था। वह 15 अगस्त 1947 से 1949 तक अपने पद पर कार्यरत रहे।

वित्तीय प्रणाली किसे कहते है?

वित्तीय प्रणाली से तात्पर्य उस प्रणाली से है जो निवेशकों (Investors) और उधारकर्ताओं (Borrowers) के बीच धन के लेन-देन को सक्षम बनाती है। "वित्तीय प्रणाली" में "प्रणाली" शब्द एक जटिल समूह को संदर्भित करता है और अर्थव्यवस्था के अंदर संस्थानों, एजेंटों, प्रक्रियाओं, बाजारों, लेनदेन, दावों से नजदीकी रूप से जुडा होता है। वित्तीय प्रणाली के मुख्य घटक निम्नलिखित है:

भारतीय वित्तीय प्रणाली के घटक:

- वित्तीय संस्थान
- वित्तीय बाजार
- मुद्रा बाज़ार
- पूंजी बाजार
- विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार
- ऋण बाजार (क्रेडिट मार्केट)

भारत के वित्त मंत्रियों की सूची: (1947-2018)

वित्त मंत्री का नाम	**कार्यकाल**	**राजनीतिक दल (गठबंधन)**
लियाकत अली खान	29 अक्टूबर 1946 से 14 अगस्त 1947 तक	ऑल इंडिया मुस्लिम लीग
आर. के. शंमुखम चेट्टी	15 अगस्त 1947 से 1949 तक	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
जॉन मथाई	1949 से 1950 तक	
सी. डी. देशमुख	29 मई 1950 से 1957 तक	
टी. टी. कृष्णामचारी	1957 से 13 फरवरी 1958 तक	
जवाहर लाल नेहरु	13 फरवरी 1958 से 13 मार्च 1958 तक	
मोरारजी देसाई	13 मार्च 1958 से 29 अगस्त 1963 तक	
टी. टी. कृष्णामचारी	29 अगस्त 1963 से 1965 तक	
सचिन्द्र चौधरी	1965 से 13 मार्च 1967 तक	

मोरारजी देसाई	13 मार्च 1967 से 16 जुलाई 1969 तक	
इंदिरा गाँधी	1970 से 1971 तक	
यशवंतराव चौहान	1971 से 1975 तक	
चिदम्बरम सुब्रमनियम	1975 से 1977 तक	
हरिभाई एम. पटेल	24 मार्च 1977 से 24 जनवरी 1979 तक	जनता पार्टी
चौधरी चरण सिंह	24 जनवरी 1979 से 28 जुलाई 1979 तक	
हेमवती नंदन बहुगुणा	28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक	जनता पार्टी (सेक्युलर)
आर. वेंकटरमण	14 जनवरी 1980 से 15 जनवरी 1982 तक	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
प्रणब मुखर्जी	15 जनवरी 1982 से 31 दिसम्बर 1984 तक	
वी. पी. सिंह	31 दिसम्बर 1984 से 24 जनवरी 1987 तक	
राजीव गाँधी	24 जनवरी 1987 से 25 जुलाई 1987 तक	
एन. डी. तिवारी	25 जुलाई 1987 से 25 जून 1988 तक	
शंकर राव चौहान	25 जून 1988 से 02 दिसम्बर 1989 तक	
मधु दंडवते	02 दिसम्बर 1989 से 10 नवम्बर 1990 तक	जनता दल (राष्ट्रीय मोर्चा)
यशवंत सिन्हा	10 नवम्बर 1990 से 21 जून 1991 तक	समाजवादी जनता पार्टी (राष्ट्रीय मोर्चा)
मनमोहन सिंह	21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

जसवंत सिंह	16 मई 1996 से 01 जून 1996 तक	भारतीय जनता पार्टी
पी. चिदम्बरम	01 जून 1996 से 21 अप्रैल 1997 तक	तमिल मनिला कांग्रेस (संयुक्त मोर्चा)
आई. के. गुजराल	21 अप्रैल 1997 से 01 मई 1997 तक	जनता दल (संयुक्त मोर्चा)
पी. चिदम्बरम	01 मई 1997 से 19 मार्च 1998 तक	तमिल मनिला कांग्रेस (संयुक्त मोर्चा)
यशवंत सिन्हा	19 मार्च 1998 से 01 जुलाई 2002 तक	भारतीय जनता पार्टी (एनडीए)
जसवंत सिंह	01 जुलाई 2002 से 22 मई 2004 तक	
पी. चिदम्बरम	22 मई 2004 से 30 नवम्बर 2008 तक	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (यूपीए)
मनमोहन सिंह	30 नवम्बर 2008 से 24 जनवरी 2009 तक	
प्रणब मुखर्जी	24 जनवरी 2009 से 26 जून 2012 तक	
मनमोहन सिंह	26 जून 2012 से 31 जुलाई 2012 तक	
पी. चिदम्बरम	31 जुलाई 2012 से 26 मई 2014 तक	
अरूण जेटली	26 मई 2014 से पदस्थ	भारतीय जनता पार्टी (एनडीए)